ई, मेल :- dforudraprayag @gmail.com
फोन/ फैक्स नं0 :- +91-8126660575::
पता –: माई की मढ़ी निकट जवाडी बाईपास रूद्रप्रयाग

कार्यालय उप वन संरक्षक, रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।

पत्रांक– 4173 / 12–1(2) दिनांक 05/06/2026::

सेवा में

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,
ऊखीमठ।

विषय :– जनपद–रुद्रप्रयाग के अन्तर्गत कुसुमगाड–औरिंग मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.780 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरण प्रस्ताव के संबंध में। **PROPOSAL NO.-FP/UK/ROAD/16871/2015**

सन्दर्भ :– अपर सचिव, उत्तराखण्ड शासन की पत्र संख्या–389/X-4/16/1(110)/2016 दिनांक 28.06.2016 एवं प्रमुख वन संरक्षक, एवं नोडल अधिकारी वन संरक्षण, देहरादून की पत्र संख्या–1652 / 12–1 दिनांक 27.02.2026 तथा आपकी पत्र संख्या–953 / 13सी0 दिनांक 23.05.2026।

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित विषयक प्रकरण में शासन स्तर से प्रदत्त सैद्धान्तिक स्वीकृति में उल्लिखित शर्त संख्या–2 तथा नोडल अधिकारी, देहरादून के सन्दर्भित पत्र में उल्लिखित निर्देशों (जिन प्रकरणों में सैद्धान्तिक स्वीकृति निर्गत हुये 01 वर्ष से अधिक का समय हो गया है एवं उनमें क्षतिपूरक वृक्षारोपण न किया गया हो, उन प्रकरणों में संशोधित क्षतिपूरक वृक्षारोपण योजना अनुपालन आख्या के साथ प्रस्तुत किये जाने तथा तद्नुसार सी0ए0 की संशोधित धनराशि जमा किये जाने हेतु) के अनुपालन में विषयांकित प्रस्ताव में रिक्त पड़े स्थानों पर यथोचित वृक्षारोपण एव दस वर्षों तक रखरखाव हेतु आवश्यक धनराशि (वर्तमान दरों को समाहित करते हुये यथासंशोधित) के अनुपालन में प्रमुख वन संरक्षक उत्तराखण्ड, देहरादून की पत्र संख्या–ख–1064 / 3–5–2 दिनांक 28.04.2026 में उल्लिखित वर्ष 2026–27 हेतु देय दर 8,95,651.00 के अनुसार रुपये **1.650 km. @ 8,95,651.00 = 14,77,824.00 – 6,26,741.00 = 8,51,083.00 (आठ लाख ईक्यावन हजार तेरासी) मात्र की धनराशि कैम्पा कोष में जमा की जानी अपेक्षित है।**

अतः उक्त आंकलित धनराशि जमा करने हेतु डिमांड नोट प्रेषित है। आंकलित धनराशि उच्च स्तर से सत्यापित होने के पश्चात् कैम्पा कोष में जमा करते हुये प्रकरण में शासन स्तर से प्रदत्त सैद्धान्तिक स्वीकृति में उलिखित शर्तों की संशोधित अनुपालन आख्या बिन्दुवार/कॉलमवार मय संलग्नक शीघ्र इस कार्यालय को प्रेषित करें, ताकि प्रकरण का निस्तारण किया जा सके। आप द्वारा प्रेषित आख्या उपरोक्तानुसार संशोधन हेतु मूल में संलग्न कर प्रेषित है।

संलग्नक :– उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(रजत सुमन)
उप वन संरक्षक,
रुद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।

संख्या– 4173 /दिनांकित।

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. वन संरक्षक, गढ़वाल वृत्त उत्तराखण्ड, पौड़ी।

(रजत सुमन)
उप वन संरक्षक,
रुद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।